# लखनऊ-गोंडा, छपरा-थावे तक इलेक्ट्रिक ट्रेन शीघ्र

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** पैच डबलिंग के बाद जुलाई से पूर्वोत्तर रेलवे में इलेक्ट्रिक गाड़ियां भी दौड़ने लगेंगी। फिलहाल, छपरा से थावे और लखनऊ से गोंडा तक का कार्य पूरा हो चुका है। शनिवार को सीआरएस ने छपरा से हथुआ तक करीब 90 किमी रेल लाइन का निरीक्षण किया। अब उनकी हरी झंडी मिलते ही ट्रेन फर्राटा भरने लगेंगी।




थावे तक इलेक्ट्रिक ट्रेन दौड़ने से आम जनता ही नहीं व्यवसायियों को भी राहत मिलेगी। अब इलेक्ट्रिक मालगाड़ियां सीधे सीवान और थावे से एक स्टेशन पहले हथुआ तक पहुंच जाएंगी। ऐसे में सीमेंट, सरिया, कंकरीट आदि माल इन स्टेशन तक आराम से पहुंच जाएगा। फिर, यहां से गोदामों तक पहुंचाने में आसानी होगी। यानी, बिहार के समीपवर्ती इलाका और पूर्वांचल में माल ढुलाई आसान हो जाएगी। इसके पहले इलेक्ट्रिक मालगाड़ियां छपरा में ही आकर रुक जाती थी।

बता दें कि हथुआ और सीवान में माल उतारने और उसे स्टोर करने के लिए पर्याप्त जगह है। हथुआ तक इलेक्ट्रिक ट्रेन दौड़ने से कप्तानगंज होते हुए गोरखपुर तक विद्युतीकरण में आसानी होगी। गोरखपुर-छपरा के अलावा गोरखपुर-कप्तानगंज-हथुआ-सीवान-छपरा का इलेक्ट्रिक लिंक लाइन भी तैयार हो जाएगा। फिलहाल, सीवान से गोरखपुर और गोरखपुर से गोंडा तक का कार्य तेज गति से चल रहा है। 70 फीसद कार्य पूरे हो गए हैं। लखनऊ मंडल में तो कार्य अंतिम चरण में है, लेकिन वाराणसी मंडल में पैच डबलिंग के चलते यह महत्वाकांक्षी योजना की गति धीमी पड़ गई है। इसके बाद भी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आलोक कुमार सिंह कहते हैं कि दिसंबर तक हर हाल में कार्य पूरा कर लिया जाएगा। अब तो रेल लाइनों के किनारे बिजली के खंभे दिखने लगे हैं। क्रासिंग पर हाइटगेज बैरियर गड़ गए हैं। सीआरएस निरीक्षण के बाद जुलाई से ही लखनऊ से गोंडा तक इलेक्ट्रिक गाड़ियां दौड़ने लगेंगी। बता दें कि बाराबंकी से छपरा तक 424 किमी का विद्युतीकरण होना है।

## जुलाई से राहत

- छपरा से सीवान होते हुए थावे तक चलेगी इलेक्ट्रिक ट्रेन
- अब छपरा नहीं हथुआ स्टेशन तक पहुंचेगी मालगाड़ियां
- बिहार के समीपवर्ती इलाकों में माल ढुलाई में मिलेगी सहूलियतें
- सीआरएस ने किया छपरा से हथुआ तक 90 किमी का निरीक्षण
- जुलाई में बाराबंकी से गोंडा के बीच होगा सीआरएस निरीक्षण
- लखनऊ से गोंडा तक इलेक्ट्रिक ट्रेन भी जुलाई से शुरू
- हथुआ-कप्तानगंज-गोरखपुर होते हुए बनेगा इलेक्ट्रिक लिंक लाइन

## इलेक्ट्रिक ट्रेन से ये होंगे लाभ

- पर्यावरण में प्रदूषण नहीं फैलेगा।
- समय की बचत होगी, ट्रेनें बढ़ेंगी।
- स्टेशनों पर बिजली की व्यवस्था।
- तेल से संभावित दुर्घटनाएं खत्म।
- ट्रेन संचलन का खर्च कम होगा।
- बढ़ जाएगी गाड़ियों की गति।

## आरपीएफ के हत्थे चढ़ा टिकट दलाल

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** तत्काल टिकट में दलालों की सेंधमारी रुकने का नाम नहीं ले रही। धर्मशाला रोड स्थित आरक्षण कार्यालय में एक दलाल आरपीएफ टीम के हत्थे चढ़ गया। पकड़े गए चिलुआताल थाना के नवापार निवासी राजकुमार के पास से 2 तत्काल और 2 सामान्य के कंफर्म आरक्षित टिकट और आधा दर्जन भरे हुए आरक्षण फार्म बरामद हुए। हालांकि, महानगर स्थित असुरन निवासी उसका साथी लकी फरार होने में कामयाब हो गया।

आरपीएफ को आरक्षण केंद्र पर दलालों की मौजूदगी की शिकायत पिछले सप्ताह से ही मिल रही थी। मुखबिर की सूचना पर तत्काल टिकट के बुकिंग के समय सुबह 10 बजे टीम ने आरक्षण कार्यालय पर औचक छापा मारा। संदेह के आधार पर सुरक्षा बलों ने लाइन में लगे एक व्यक्ति से पूछताछ शुरू कर दी। इस दौरान वह घबरा गया और भागने लगा। जवानों ने उसे दबोच लिया। कड़ाई से पूछताछ में उसने कुबूल किया कि वह और उसका साथी तत्काल टिकटों की दलाली करते हैं। रेलवे एक्ट के तहत उसे जेल भेज दिया गया है। साथी की तलाश जारी है।

**नंबर लगवाने के बाद बेचते थे आरक्षण फार्म :** दलाल आरक्षण कार्यालय में सुबह 5 बजे तत्काल आरक्षण फार्म पर नंबर लगवाने के बाद परेशान यात्रियों को 2 से 3 हजार रुपये में बेचते थे। फार्म में भरे गए नाम को इंक रीमूवर से मिटाकर फिर असली यात्री का नाम लिख देते थे। यह धंधा पिछले माह से ही चल रहा था। तत्काल टिकटों की बुकिंग सुबह 10 बजे से शुरू होती है। लेकिन, आरक्षण फार्म पर नंबर सुबह 5 बजे ही लग जाता है। नंबर लगवाने के लिए दूरदराज गांवों से आए लोग कार्यालय के गेट पर रात में ही जम जाते हैं। उनके बीच आरक्षण दलाल भी रहते हैं। सुबह 5 बजे फार्म पर नंबर लगवाने के बाद परेशान यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए फार्म बेच देते हैं। नंबर लगे फार्म पर ही काउंटर से टिकट बुक होता है। पहले से 5 नंबर तक के फार्म पर कंफर्म टिकट मिलने की गुंजाइश रहती है।

## गोरखपुर से एलटीटी के लिए प्रीमियम स्पेशल

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** प्रतीक्षा सूची के यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने गोरखपुर से एलटीटी के बीच और 3 फेरों में प्रीमियम स्पेशल सुपरफास्ट ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। 02018 स्पेशल गोरखपुर से 24 जून, 1 और 8 जुलाई को चलाई जाएगी। पूर्व घोषित सूचना के अनुसार यह ट्रेन 17 जून को भी गोरखपुर से चलेगी। 02017 स्पेशल लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 22 व 29 जून और 6 जुलाई को चलाई जाएगी।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आलोक कुमार सिंह के अनुसार 02018 स्पेशल गोरखपुर से सुबह 8.25 बजे से प्रस्थान कर लखनऊ, कानपुर, झांसी, भोपाल, भुसावल होते हुए दूसरे दिन दोपहर 11.50 बजे एलटीटी पहुंचेगी। वहीं 02017 प्रीमियम स्पेशल एलटीटी से रात 11.40 बजे से चलकर भुसावल, भोपाल, झांसी, कानपुर और लखनऊ होते हुए तीसरे दिन भोर में 4.25 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इस ट्रेन में शयनयान श्रेणी के 10, एसी थर्ड के 6 और पेंट्रीकार सहित कुल 19 कोच लगाए जाएंगे। टिकट आनलाइन बुक होगा। किराए के साथ कैटरिंग चार्ज भी देना होगा। जितनी बर्थ, उतनी ही टिकट बुक होगी। किसी भी यात्री को किसी प्रकार की कोई अतिरिक्त सुविधा नहीं मिलेगी।

# अब तो कंफर्म बर्थ के साथ भी छेड़छाड़

## सांसत में यात्री

- कंफर्म टिकट में भी यात्रा के दौरान बदल जा रही बर्थ
- रेलवे कंप्यूटर सिस्टम में बढ़ती जा रही दलालों की सेंधमारी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** यात्रियों की परेशानी और बढ़ती ही जा रही है। एक तो किसी गाड़ी में कंफर्म आरक्षित टिकट नहीं मिल रहा, ऊपर से रेलवे का बेजान सिस्टम कोढ़ में खाज का काम कर रहा है। अब तो टिकट ही नहीं बर्थ के साथ भी छेड़छाड़ हो रही। कंफर्म टिकट के बर्थ भी रास्ते में बदल जा रहे हैं। कोई पुरसाहाल नहीं है।

कंफर्म टिकट हाथ में आने के साथ ही यात्री को राहत मिल जाती है। साथ ही अपने बर्थ को लेकर वह निश्चिंत हो जाता है कि चलो यात्रा आराम से कट जाएगी। इसके बाद भी उसकी परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही। आलम यह है कि टिकट और चार्ट में मौजूद बर्थ बदल जा रहे हैं। फिलहाल, चौरीचौरा एक्सप्रेस में इस तरह का मामला खुलकर सामने आया है। वरिष्ठ नागरिक मुकुट बिहारी ने पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक से लिखित शिकायत की है। उन्होंने रेलवे प्रशासन पर यात्री को धोखा देने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वह 6 जून को 15004 एक्सप्रेस में गोरखपुर से इलहाबाद तक का तथा 9 को 15003 एक्सप्रेस में इलाहाबाद से गोरखपुर तक का एसी द्वितीय श्रेणी में कंफर्म टिकट लिया था। एक पीएनआर पर दो बर्थ आरक्षित थे। दोनों तरफ से एक साइड लोवर तो दूसरा अपर बर्थ एलाट था। लेकिन, जब कोच में पहुंचा तो पता चला कि दोनों बर्थ अपर हैं। पत्नी की तबीयत खराब थी ऐसे में अपर बर्थ पर चढ़ना मुश्किल था। यात्रा किसी तरह पूरी हुई लेकिन मानसिक पीड़ा जरूर पहुंची। विभागीय सूत्रों का कहना है कि मुकुट बिहारी ने शिकायत की तो इस तरह का मामला खुलकर सामने आया। ऐसी घटनाएं आए दिन होती हैं। यात्री भी शिकायत करने में हिचकते हैं। स्थिति यह है कि रेलवे के कंप्यूटर सिस्टम में दलालों की सेंधमारी काफी हद तक बढ़ गई है। इसका खामियाजा सामान्य यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

## हत्याभियुक्त गिरफ्तार

**गोरखपुर :** खजनी थाना क्षेत्र में बरात के दौरान हुए विवाद में युवक की मौत के मामले में प्रकाश में आए एक अभियुक्त को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

उनवल संवाददाता के मुताबिक इसी साल के 8 फरवरी को उनवल में एक बरात आई थी। उस दौरान दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। इस घटना में 18 वर्षीय सोनू जख्मी हो गया था। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई थी।

पुलिस की विवेचना में बदरी यादव, मुकेश तथा मनोज चौरसिया मुल्जिम के रूप में सामने आए हैं। इसमें बदरी यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शेष दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

# गोरखपुर के विकास के लिए होगी हर कोशिश




उद्योग भवन में सदर सांसद योगी आदित्य नाथ को सम्मानित करते अशोक जालान, प्रमोद मस्करा व एस के अग्रवाल।

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** बतौर जनप्रतिनिधि गोरखपुर को केंद्र बनाकर पूर्वांचल का समग्र विकास पहले चुनाव से ही मेरा एजेंडा रहा है। इस बाबत मैं लगातार प्रयासरत रहा हूं। कुछ काम हुए भी, पर टेक्सटाइल व फूड पार्क जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं राज्य सरकार और कुछ अन्य लोगों के असहयोग के नाते साकार नहीं हो सकी। केंद्र में पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार विकास के प्रति प्रतिबद्ध है। ऐसे में लंबित और नई परियोजनाओं के लिए हर संभव प्रयास होगा। पिछले दिनों दिल्ली में इसी बाबत कई मंत्रियों से मिला भी।

ये बातें सदर सांसद योगी आदित्यनाथ ने कही। शनिवार को वे औद्योगिक आस्थान गोरखनाथ स्थित उद्योग भवन में चेंबर आफ इंडस्ट्रीज की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह के मुख्य अतिथि थे। कहा, अगले 5 वर्ष में नई तकनीक पर आधारित खाद कारखाना चालू हो जाएगा। यहां गैस आधारित एक पावर प्लांट का भी प्रस्ताव है। लोको शेड की जगह इलेक्ट्रिकल शेड, आइआईटी और एम्स का प्रस्ताव भी पाइपलाइन में है। प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का काम केंद्रीय निधि से कराने की बात संबंधित केंद्रीय मंत्री से हुई है। सरकार ने कहीं और खर्च कर दिया। योगी ने हर उद्यमी से अधिकाधिक संख्या में पौधरोपण की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष एसके अग्रवाल ने की। इस मौके पर प्रमोद मस्करा, अशोक जालान, आरएन सिंह, अनंत अग्रवाल, प्रवीन मोदी, सुमित कक्कड़, डा.वीएन नायक, नारायण अजित सरिया, आलोक अग्रवाल, आकाश जालान, अमर तुलस्यान और संतोष पारिख समेत करीब सभी प्रमुख उद्योगपति मौजूद थे।

### योगी को दिया गया ज्ञापन

**गोरखपुर :** अभिनंदन समारोह के बाद चेंबर की ओर से योगी को ज्ञापन भी दिया गया। इसमें पूर्वांचल के समग्र विकास के लिए कुछ सुझाव शामिल हैं। खाद कारखाने को चालू कराना, चीनी मिलों का आधुनिकीकरण, पिछड़ेपन के आधार पर पूर्वांचल के लिए अलग से पैकेज, टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा, प्रस्तावित 100 स्मार्ट सिटी में गोरखपुर को भी शामिल कराना, एम्स, आईआईटी, भेल की स्थापना हवाई सेवा का विस्तार फूड व टेक्सटाइल पार्क और गैस आधारित पावर प्लांट की स्थापना आदि प्रमुख हैं।


## पूर्वांचल विकास आयोग का गठन हो

**गोरखपुर :** पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. केसी पांडेय ने मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को शनिवार को फैक्स भेजकर पूर्वांचल विकास आयोग गठित करने की मांग की है। पूर्वी उप्र. के समग्र विकास के लिए स्पेशल पैकेज सरकार दे जिससे पूर्वांचल भी पश्चिमी और मध्य उप्र की तरह विकसित हो सके।

डा. पांडेय ने कहा कि पूर्वांचल हर साल भयंकर बाढ़, मस्तिष्क ज्वर के प्रकोप और बिजली के अभाव से जूझता है वहीं बेरोजगारी एवं उद्योग शून्यता का दंश झेल रहा है। पटेल कमीशन की संस्तुतियों को किसी भी सरकार ने लागू नहीं किया और न ही भारत-नेपाल सीमा पर प्रस्तावित भालूबाग बांध जल विद्युत परियोजना का क्रियान्वयन किया गया।

डा. पांडेय ने मुख्यमंत्री से राप्ती, कुआनो, आमी, गंडक, गौर्रा और घाघरा जैसी पूर्वांचल की नदियों को एक दूसरे से जोड़ने के लिए व्यापक कार्य योजना बनाने की मांग की है ताकि पूर्वांचल में विकास संभव हो सके।

# मुख्य व प्रमुख सचिव के दौरे को लेकर बिजली विभाग में हड़कंप



- 18 को होगा मुख्य और प्रमुख सचिव का दौरा
- निशाने पर बिजली कटौती व कम राजस्व वसूली
- उठेगी ट्रांसमिशनों के आए दिन फेल रहने की स्थिति

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** मुख्य व प्रमुख सचिव का दौरा 18 जून को प्रस्तावित है। उनके दौरे को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों में इन दिनों हड़कंप मचा हुआ है। पावर कारपोरेशन के चेयरमैन व प्रमुख सचिव ऊर्जा भी संजय अग्रवाल विभागीय समीक्षा करेंगे। प्रमुख सचिव व मुख्य सचिव के दौरे को लेकर विभागीय अधिकारी राजस्व वसूली और मिल रही बिजली का वितरण सुचारू रूप से करने में लग गए हैं। लेखा-जोखा दुरुस्त करने का कार्य भी जोरों पर है। दौरे को लेकर शुक्रवार से ही महानगर में बिजली की आपूर्ति 24 घंटे हो रही है।

उल्लेखनीय है कि गोरखपुर जोन व महानगर विद्युत वितरण जोन में राजस्व की वसूली को लेकर ऊर्जा विभाग ने पिछले माह विभागीय लोगों का वेतन रोक दिया था, क्योंकि राजस्व वसूली लक्ष्य में गोरखपुर जोन काफी पीछे चल रहा था। दो दिन के पूर्व गोरखपुर महानगर व अन्य वितरण मंडलों में बिजली की कटौती चरम पर चल रही थी। यहां 11-12 घंटे की सामान्य कटौती और उसके बाद फाल्ट से होने वाली कटौती भी अलग से थी।

ऐसे में प्रमुख सचिव ऊर्जा और मुख्य सचिव का दौरा विभाग के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा रहा है। यहां बरहुआ, मोतीराम अड्डा और फर्टिलाइजर ट्रांसमीशनों की स्थिति भी ठीक नहीं है। सूत्र बताते हैं कि वितरण के अधिकारी ट्रांसमीशन पर खराब बिजली आपूर्ति करने का ठीकरा फोड़ने का मन बना चुके हैं। गंभीर स्थिति पर ट्रांसमीशन के जिम्मेदारों पर गाज गिर सकती है। आए दिन कभी बरहुआ तो कभी मोतीराम अड्डा व फर्टिलाइजर ट्रांसमीशन केंद्र फेल होते रहे हैं।

### घोषीपुरवा, एमजी गली का ट्रांसफार्मर जला

घोषीपुरवा में लगा 400 केवीए का ट्रांसफार्मर शनिवार को दिन में 12 बजे जलने से मोहल्ले की बिजली गुल हो गई। अधिशासी अभियंता एमएन गोयल ने बताया कि पांच घंटे के बाद वहां मोबाइल ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली बहाल कर दी गई। एमजी गली में लगा 250 केवीए का ट्रांसफार्मर भी शनिवार को दिन दस बजे जल गया।

अधिशासी अभियंता एके सिंह ने बताया कि वहां पर दूसरा ट्रांसफार्मर चार घंटे के बाद लगा कर आपूर्ति बहाल कर दी गई।

## 30 जून तक सिर्फ दिन में चार घंटे कटेगी बिजली

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** पावर कारपोरेशन लखनऊ ने बिजली कटौती का नया शेड्यूल जारी किया है। नए शेड्यूल के अनुसार अब तीस जून तक दिन में चार घंटे ही गोरखपुर महानगर की बिजली काटी जाएगी। यहां रात्रिकालीन कटौती नहीं की जाएगी। शेड्यूल के अनुसार अब दिन में सुबह छह से आठ बजे तक और उसके बाद साढ़े तीन से शाम साढ़े पांच बजे तक कटौती की जाएगी। पूर्व में पावर कारपोरेशन के द्वारा केवल रात में नौ से ग्यारह और तीन से पांच बजे बिजली कटौती का शेड्यूल था। नए शेड्यूल के अनुसार कटौती का कितना पालन किया जाएगा यह तो समय ही बताएगा। पहले भी रात में चार घंटे बिजली कटौती करके 20 घंटे बिजली आपूर्ति का आदेश था लेकिन शायद ही कोई दिन रहा हो जब लोगों को 16 घंटे से अधिक बिजली मिली हो।

## बिजली कनेक्शन को लेकर महिला ने दी आत्मदाह की धमकी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** बिजली कनेक्शन को लेकर महिला ने बिजली विभाग पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए आत्मदाह की धमकी दी है। मोती पोखरा, देवनगरी बशारतपुर की सुनीता यादव ने कहा है कि विभाग के अभियंता को घूस नहीं देने के कारण हमें वर्षों से बिजली कनेक्शन के लिए दौड़ाया जा रहा है। कोर्ट के आदेश के बाद भी स्थाई कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि कनेक्शन के लिए डीएम से लेकर मुख्यमंत्री तक को पत्र लिखा पर कहीं से न्याय नहीं मिला। विभाग के सभी लोग मिलकर परेशान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरे घर के सामने स्थाई पोल लगा है जहां से अन्य लोगों को कनेक्शन दिया गया है। सुनीता ने समाजवादी पार्टी पर गरीबों को न्याय नहीं देने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दिया कि यदि मुझे न्याय नहीं मिला तो 25 जून के बाद कभी भी मुख्यमंत्री आवास पर आत्मदाह कर लूंगी। उन्होंने कहा कि सभी जगह से हारकर मैंने यह कदम उठाने का फैसला किया है।

**आत्मदाह की धमकी अतिवादिता है : एसपी पांडेय :** बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता वितरण एसपी पांडेय ने कहा कि बिलजी कनेक्शन के लिए आत्मदाह की धमकी दिया जाना और विभाग पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाना अतिवादिता है, दबाव बनाकर गलत तरीके से कनेक्शन नहीं दिया जा सकता है। सुनीता यादव ने बिना विभाग की अनुमति के अपने ही बिजली का कनेक्शन जोड़ लिया था। जिस पर विभाग ने रेड डालकर बिजली चोरी पकड़ी और मुकदमा दर्ज कराया। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर एपी पांडेय ने कहा कि भ्रष्टाचार तो अवैध बिजली कनेक्शन जोड़ना है। जहां तक आत्मदाह की धमकी का प्रश्न है तो यह पुलिस व प्रशासन का मामला है पुलिस व प्रशासन को इसकी सूचना दे दी गई है।

## हाई वोल्टेज की समस्या

**गोरखपुर :** महानगर में छोटे काजीपुर मोहल्ले में शनिवार को दोपहर तेज हवा के दौरान तारों के रगड़ से दो फेज सटने के कारण हाई वोल्टेज की आपूर्ति कुछ देर के लिए हो गई। इसके चलते लोगों के घरों में बिजली के बल्व तेज जलने लगे और पंखों की गति बढ़ गई। लोगों ने घबराकर तत्काल इसकी सूचना विभागीय लोगों को दी। विभाग ने तत्काल बिजली काट कर फाल्ट ढूंढा और फिर बिजली की आपूर्ति दी गई।

**Add. Civil Judge (SD)**
**Court No. 13, Gorakhpur**
**Suit No. 125/89**
**Krishna Murari Vs Dwarika Das & Others**

To, Anita Tibrewal W/o Girish Tibrewal R/o Dharamshala Road, Padrauna, Distt. Kushinagar

Whereas Plaintiff has instituted the above suit/filed an application against you for reply you are hereby summoned to appear in this Court in person or by a pleader on the 5 day of July 2014 at 10 O' clock, to answer the same, failing which the suit/application will be disposed of ex parte.

Given under my hand and the seal of the Court, this 28 day of 05/2014.

JUDGE.

भारतगैस
बनाईये खाना. परोसिये प्यार.
भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

**सूचना**

भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एतद् द्वारा सूचित करता है कि निम्नांकित स्थानों के एलपीजी वितरक हेतु ड्रा एलपीजी बॉटलिंग सयंत्र, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, सी-45-47, यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र, नैनी, इलाहाबाद में आयोजित होगा:

| स्थान | जिला | श्रेणी | ड्रा दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| दिलदारनगर | गाजीपुर | खुली | 18.06.2014 | 12.00 दोपहर |
| प्रतापपुर | देवरिया | खुली | 18.06.2014 | 12.00 दोपहर |
| खेराबाद | मऊ | खुली | 18.06.2014 | 2.00 दोपहर |

इस ड्रा के केवल योग्य आवेदकों से निवेदन है कि वह किसी भी सरकारी विभाग द्वारा जारी फोटो पहचान पत्र के साथ निर्धारित दिनांक, स्थान और समय पर व्यक्तिगत रुप से उपस्थित रहें.

## सदस्यता के लक्ष्य को 15 दिन में पूरा करें पदाधिकारी : कंछल

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल ने शनिवार को यहां सर्किट हाउस में स्थानीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। कहा, इस बार संगठन का चुनाव मेरठ में होना है। इसमें भाग लेने के लिए लक्ष्य के अनुसार सदस्य बनाने होंगे। इसमें अभी 15 दिन का समय है। सदस्य बनने वाले व्यापारी लखनऊ में बने व्यापारी भवन में दो दिन तक निश्शुल्क रुक सकेंगे। वे दो लाख के दुर्घटना बीमा से आच्छादित होंगे। साथ ही उनको संगठन की ओर से प्रकाशित होने वाली व्यापार मंथन पत्रिका भी मिलेगी। संगठन के पदाधिकारियों से अपील की कि वे व्यापारियों की हर संभव मदद करें। संचालन जिला मंत्री मदन गुप्ता ने किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद टेकरीवाल, जिलाध्यक्ष प्रमोद अग्रहरि, अनिल टेकरीवाल, देवदत्त, राममोहन अग्रवाल, श्रवण अग्रहरि, जवाहर, जितेंद्र और विनोद आदि मौजूद थे।

## टैंपों चालक ने किशोरी के साथ की छेड़खानी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** बड़हलगंज थाना क्षेत्र में सिलेंडर लेने गैस एजेंसी पर गई 13 वर्षीय किशोरी के साथ टैंपों चालक द्वारा छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। राहगीरों तथा ग्रामीणों की मदद से बालिका की आबरू बच गई। लोगों ने आरोपी की धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया।

बड़हलगंज संवाददाता के मुताबिक गगहा थाना क्षेत्र की कक्षा आठ में पढ़ने वाली 13 वर्षीय किशोरी शनिवार को सुबह गैस लेने के लिए बड़हलगंज पहुंची। पटना चौराहे पर वह खाली सिलेंडर के साथ एक आटो में सवार होकर कोहड़ाभावर स्थित गैस एजेंसी पर पहुंची और साढ़े नौ बजे भरा सिलेंडर लेकर सड़क पर आई। इसी बीच बालिका को एजेंसी पर छोड़ने वाला आटो चालक पिड़हनी की ओर से गाड़ी लेकर पहुंच गया। उस समय आटो में एक भी सवारी नहीं थी। बालिका आटो में सवार हो गई। टेढ़िया मोड़ के पास पहुंचते ही चालक ने आटो को मरवट मार्ग की ओर घुमा लिया। बालिका ने इसका प्रतिरोध भी किया। आगे सुनसान स्थान पर ले जाकर चालक ने गाड़ी रोक दी और बालिका को छेड़ने लगा। चालक के चंगुल से छूटकर बालिका आटो से नीचे उतरी और सड़क पर पड़े पत्थर को उठा कर चिल्लाने लगी। इसी बीच दो राहगीर मौके पर पहुंच गए और आरोपी चालक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। चालक की पहचान बड़हलगंज के बेइली गांव निवासी नन्हें यादव के रूप में हुई। पुलिस ने पीड़ित बालिका की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ धारा 354 क आइपीसी तथा 7/8 पास्को के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मारपीट का मुकदमा

**गोरखपुर :** हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात कुछ युवकों ने एक युवक के घर पर चढ़कर उसे बुरी तरह मारा-पीटा। इस मामले में छह युवकों के खिलाफ एससीएसटी मुकदमा दर्ज किया गया है।

हरपुर बुदहट संवाददाता के मुताबिक हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के समदा निवासी वीरेन्द्र शुक्रवार की रात तकरीबन नौ बजे सिसवा से अपने घर जा रहा था। घर के पास पहुंचा था कि पांच-छह युवक उसे देखकर अपशब्द कहने लगे और मारने की कोशिश की, लेकिन वह भागकर घर चला गया। तकरीबन 20 मिनट बाद छह युवक उसके घर पर पहुंचे और उसे पकड़कर बुरी तरह मारेपीटे।

**बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी**

**संयुक्त बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा - 2014**
**काउंसिलिंग सम्बन्ध में आवश्यक सूचना**

पत्रांक संख्या: UP B.Ed/331 दिनांक:- 13/06/14

एतद् द्वारा संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा - 2014 में काउंसिलिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों को निम्न क्रम में निर्धारित काउंसिलिंग केन्द्र पर उपस्थित होना है-

| दिनांक | रैंक (कहां से कहां तक) |
|---|---|
| 16 जून 2014 | 1-5000 |
| 17 जून 2014 | 5001-12000 |
| 18 जून 2014 | 12001-23000 |
| 19 जून 2014 | 23001-38000 |
| 20 जून 2014 | 38001-55000 |
| 21 जून 2014 | 55001-71000 |
| 23 जून 2014 | 71001-87000 |
| 24 जून 2014 | 87001-103000 |
| 25 जून 2014 | 103001-118000 |
| 27 जून 2014 | 118001-133000 |
| 28 जून 2014 | 133001-153000 |
| 30 जून 2014 | 153001-170000 |

अभ्यर्थी अपना काउंसिलिंग पत्र वेबसाइट : www.upbed.nic.in से अपनी पंजीकरण संख्या एवं जन्म तिथि के आधार पर डाउन लोड कर काउंसिलिंग के समय आवश्यक रूप से अपने साथ लायें। आवंटित काउंसिलिंग केन्द्र तथा अन्य सभी आवश्यक जानकारी काउंसिलिंग पत्र एवं उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

बी0एड0 कन्ट्रोल रूम दूरभाष नं0
0510-2320014, 2320015, 2320018, 2320019

कुलसचिव

## हर माह के तीसरे बुधवार को होगा किसान दिवस

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** तहसील दिवस की तर्ज पर अब किसान दिवस भी होगा। इसके लिए शासन ने हर माह के तीसरे बुधवार का दिन तय किया है। स्थानीय स्तर पर यह बैठक बुधवार (18 जून) को यहां चरगांवा स्थित राजकीय कृषि विद्यालय के प्रशिक्षण हाल में दिन 12 बजे से होगी। डीएम रवि कुमार एनजी के हवाले से यह जानकारी उपनिदेशक कृषि जयप्रकाश ने दी। बताया कि बैठक में गन्ना, उद्यान, पशुपालन, रेशम, कोआपरेटिव, भूमि संरक्षण, नेडा, सिंचाई, बिजली, एग्रो, बीज विकास निगम, लीड बैंक और पीसीडीएफ के अधिकारियों को अनिवार्य रूप से भाग लेना है। हर विभाग को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और उनके क्रियान्वयन के ब्योरा और किसानों के लिए उपयोगी निश्शुल्क बांटे जाने वाले साहित्य भी लाने होंगे। पिछले दिनों मुख्य सचिव ने डीएम या सीडीओ की अध्यक्षता में हर जिले में हर माह के तीसरे बुधवार को किसान दिवस के रूप में मनाने का निर्देश दिया था।

# सकारात्मक सोच के साथ करें कार्य : जनपद न्यायाधीश

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** सभी को मिलजुलकर सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने की जरूरत है। तभी समाज व देश का भला संभव है।

यह बातें जनपद न्यायाधीश प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने कही। वह यहां बैंक रोड स्थित एक होटल में शनिवार को जिला अपराध निरोधक कमेटी के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने एक छोटा सा प्रयास किया। चुरेब रेल हादसे में जो लोग घायल हुए उनको तत्काल धनराशि की सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया। बहुत सारी घटनाएं ऐसी हैं जो काफी समय से न्यायालय में लंबित हैं, मिलजुलकर उनका निस्तारण करने, पीड़ित को आर्थिक सहयोग करने का प्रयास विधिक सेवा प्राधिकरण, एनजीओ व न्यायपालिका के माध्यम से किया जा सकता है और मुकदमों से बचा जा सकता है। इस अवसर पर महानगर में प्याऊ लगाने वाले दस लोगों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता कमेटी के उपाध्यक्ष पीके लाहिड़ी ने की। इंदल सिंह ने कमेटी का परिचय व पुष्पदंत जैन ने क्रियाकलापों पर प्रकाश डाला। संचालन हरिशंकर श्रीवास्तव ने किया।

इस अवसर पर रामानंद पांडेय, जितेंद्र सैनी, बृजबिहारी श्रीवास्तव, अशोक अग्रवाल व महावीर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### इन्हें किया गया सम्मानित

अखिलेश गुप्ता, मनीष पांडेय, मन्नूलाल कुशवाहा, सूरज चौधरी, कपिलदेव, निशांत कुमार अग्रवाल, संतोष वर्मा, कृष्णा रावत, विनायक त्रिपाठी, रामअवध।

## स्वीकृत सड़कों का निर्माण शुरू नहीं

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** झरना टोला वार्ड में स्वीकृत और वर्क आर्डर हो चुकी सड़कों का निर्माण कार्य नगर आयुक्त आरके त्यागी के निर्देश के बाद भी शुरू नहीं हो सका है। बारिश में जलजमाव से निपटने की सोच अभी से पार्षद रमेश गुप्ता को पसीने छूट रहे हैं। निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए किस उच्चाधिकारी का निर्देश ठेकेदार पर प्रभावी होगा।

पार्षद रमेश गुप्त ने फिर से नगर आयुक्त को रिमाइंडर पत्र भेजकर झरना टोला वार्ड में स्वीकृत सड़कों का निर्माण शुरू कराने की मांग की है। दस दिन पूर्व भी पार्षद ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने कहा कि बारिश में लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो जाएगा और बीमारियों के फैलने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

## रामगढ़ ताल : मत्स्य जैव विविधता और संरक्षण पर गोष्ठी आज

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** रामगढ़ ताल के मत्स्य जैव विविधता और संरक्षण पर रविवार को 10 बजे से महेरवा की बारी में गोष्ठी आयोजित है। राष्ट्रीय मत्स्य अनुवांशिकी संसाधन ब्यूरो (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद लखनऊ) के प्रधान वैज्ञानिक डा.अजय पांडेय इसके आयोजक होंगे। इस महत्वपूर्ण विषय पर विचार करने के लिए देश के जाने-माने विशेषज्ञ और प्रगतिशील मत्स्य पालक इसमें आ रहे हैं।

प्रगतिशील मत्स्य पालक डा.संजय श्रीवास्तव ने बताया कि गोष्ठी के उद्घाटन सत्र के बाद इसमें संबंधित विषयों पर दो तकनीकी सत्र भी होंगे। इन सत्रों में सेंट्रल इंनलैंड फिशरीज रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीआइएफआर) बैरकपुर के पूर्व निदेशक डा.एम सिन्हा, सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ फ्रेश वाटर एक्वाकल्चर (सीफा) भुवनेश्वर के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक डा.राधेश्याम सिंह, गोरखपुर विश्वविद्यालय के बायोटेक्नालोजी विभाग के विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय के जुलोजी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो.वीबी उपाध्याय, पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एसपी त्रिपाठी, मत्स्य विभाग के उप निदेशक डा.एसके शुक्ल, डा.सुमन सिंह, डा.पुष्पा रानी तिवारी, बल्देव और नंद किशोर आदि संबोधित करेंगे।

वशीकरण कवच
करलो सबको अपनी मुट्ठी में™


₹630/-
011-47385151
SMS SVK To 56677
"सिद्ध वशीकरण कवच" को पहनने से पत्थर दिल पति-पत्नी, प्रेमी-प्रेमिका, अधिकारी, व्यापारी, ग्राहक, शत्रु, सभी आपसे प्रभावित होकर आपकी इच्छानुसार कार्य करेंगे। कारोबार और मार्केटिंग कार्यों में सफलता, मनचाही शादी, प्रेम और मधुर संबधों के लिए चमत्कारी "सिद्ध वशीकरण कवच" को 2 मुफ्त उपहारों के साथ घर बैठे मात्र ₹630/- में मंगाकर लाभ उठाएं। डिलीवरी मिलने पर पेमेंट करें।

**WET CANTEEN & SCHOOL BUSES**
**ARMY PUBLIC SCHOOL**
**KUNRAGHAT GORAKHPUR**

**Wet Canteen**

1- Open quotations are invited latest by 25th Jun 2014 to run wet Canteen at Army Public School Kunraghat Gorakhpur.

**School Buses**

2- Open quotations are invited latest by 25th Jun 2014 to run two School Buses (35 seaters each) for conveyance of school children of APS, Kunraghat Gorakhpur.

3- For further queries contact No is 0551-2273830, 9454341684

ASK/AD/09 DATED- 13.6.2014

**APS Kunraghat**